कार्यालय नगर परिषद, औरंगाबाद।

बैठक की कार्यवाही

दिनांक–7.11.2020 को नगर परिषद, औरंगाबाद के सभागार में TVC की बैठक से संबंधित कार्यवाही।

<u>उपस्थिति: पंजी में संधारित</u>

सर्वप्रथम कार्यपालक पदाधिकारी के द्वारा उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत किया गया तथा सभी सदस्यों का परिचय प्राप्त किया गया।

- बैठक के आरंभ में कार्यपालक पदाधिकारी के द्वारा टाउन भेंडिग कमिटी के महत्व तथा आने वाले समय में इसके बढ़ते महत्व के बारें में विस्तार से बताय गया।
- सरकार के महत्वाकांक्षी योजना PMSVANidhi योजना में प्रगति लाने हेतु बैंकर्स के साथ बैठक करने का निर्णय लिया गया।
- अग्रणी जिला बैंक प्रबंधक के द्वारा बताया गया की DLCC की आगामी बैठक में PMSVANidhi Loan में प्रगति लाने हेतु विशेष रूप से चर्चा की जाएगी।
- CSVP (City Street Vending Plan) बनाने एवं Approval हेतु सहमति पर निर्णय लिया गया।
- जो वेंडर्स जिला एवं सत्र न्यायालय के गेट के वेडिंग करते है उनको वही अच्छे तरीके से व्यवस्थित कराने पर तत्काल निर्णय लिया गया।
- गाँधी मैदान के पास नया अस्थायी वेडिंग जोन बनाने हेतु TVC द्वारा निर्णय लिया गया।
- शहर के मुख्य बाजारों में एक निश्चित संख्या में वेंडर्स को वेडिंग हेतु अस्थायी रूप से व्यवस्थित करने पर सदस्यों द्वारा निर्णय लिया गया।
- रमेश चौक के पास नगर थाना के द्वारा Traffic व्यवस्था को सुचारू रूप से व्यवस्थित करने पर निर्णय लिया गया।
- रमेश चौक एवं कारगिल चौक के पास जहाँ कुछ वाहन अवैध रूप से पार्किंग किए जाते है। उन्हे हटवा कर उस जगह को नगरपालिका का पार्किंग स्थल घोषित करने पर निर्णय लिया गया।
- जामा मस्जिद के पास जो स्ट्रीट लाईट है, उसके पास का त्रिभुजाकार क्षेत्र को को No Vending Zone के लिए निर्णय लिया गया।
- नवाडीह रोड को One Way करने का निर्णय लिया गया।
- मार्केट कमिटी के अध्यक्ष के द्वारा जो क्रम संख्या लिस्ट प्राप्त हुआ है। शहर के भीड़–भाड़ वाले इलाके जैसे– रमेश चौक से नवाडीह मोड़ तक दिए गए लिस्ट से ही वेंडर्स को वेंडिग हेतु अनुमति दी जाएगी। शेष बचे हुए वेंडर्स को अन्य अस्थायी चयनित वेंडिग स्थल पर स्थानांतरण करने का निर्णय लिया गया।

अंत में कार्यपालक पदाधिकारी, द्वारा बताया गया की शहर के मुख्य सड़को को जाम से निजात दिलाने हेतु वेडर्स को तत्काल अस्थायी रूप से व्यवस्थित करना होगा जिसके लिए सभी सदस्यों ने सहमति प्रदान की।

धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

ह0/–
कार्यपालक पदाधिकारी
–सह–अध्यक्ष
टाउन वेंडिग कमिटी
नगर परिषद, औरंगाबाद।

Scanned with CamScanner

ज्ञापांक–1617 दिनांक–7/11/2020

प्रतिलिपिः– थानाध्यक्ष नगर थाना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः– टीम लीडर DAY-NULM पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः– अग्रणी जिला बैंक प्रबंधक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः– श्रम अधीक्षक, औरंगाबाद को सूचनार्थ समर्पित।

प्रतिलिपिः– सिविल सर्जन, औरंगाबाद को सूचनार्थ समर्पित।

प्रतिलिपिः– माननीय मुख्य पार्षद/माननीया उप मुख्य पार्षद एवं माननीय पार्षदगण, नगर परिषद, औरंगाबाद को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः– जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद की सेवा में सादर सूचनार्थ समर्पित।

कार्यपालक पदाधिकारी
–सह–अध्यक्ष
टाउन वेंडिग कमिटी
नगर परिषद, औरंगाबाद।

Scanned with CamScanner